<u>प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 06/2022)</u>

तत्काल

<u>भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण</u>

<u>'टेलीविजन प्रसारण क्षेत्र में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देना' पर ट्राई के परामर्श पत्र पर टिप्पणियां/प्रति टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार।</u>

नई दिल्ली, 19 जनवरी 2022: - भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दिनांक 22 दिसंबर 2021 को "टेलीविजन प्रसारण क्षेत्र में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने" पर परामर्श पत्र पर हितधारकों की टिप्पणियां/प्रति-टिप्पणियां आमंत्रित की थीं। लिखित टिप्पणियों और प्रति-टिप्पणियों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि क्रमशः 19 जनवरी, 2022 और 02 फरवरी, 2022 निर्धारित की गई थी।

2. उद्योग संघों और हितधारकों के वर्तमान महामारी की स्थिति के कारण टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाने के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए, लिखित टिप्पणियों और प्रति-टिप्पणियों को जमा करने की अंतिम तिथि क्रमशः 09 फरवरी 2022 और 23 फरवरी 2022 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। विस्तार के लिए किसी और अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. टिप्पणियां/प्रति-टिप्पणियां अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में advbcs-2@trai.gov.in या jtadvbcs-3@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं। किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए, श्री अनिल कुमार भारद्वाज, सलाहकार (बी और सीएस) से टेलीफोन नंबर 23237922 पर संपर्क किया जा सकता है।

RAJIV SINHA Digitally signed by RAJIV SINHA Date: 2022.01.19 16:57:44 +05'30'

(राजीव सिन्हा)

प्रभारी सचिव, ट्राई